अदालत.........जिला कलक्टर............मुकाम......................श्रीगंगानगर..

................अपील प्रकरण संख्या 85/2015 मीतासिंह बनाम सहीराम वगैरा न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर को मुन्तकिल करने बाबत.......

RCMS 2016/00182

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

किस्म मुकदमाः—मुन्तकिली मुकदमा प्रकरण सं0:— 64 /2016

तारीख हुक्म	कार्यवाही विवरण	नम्बर व तारीख
27.06.2016	अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर ने अपने पत्र संख्या रीडर/16/1458 दिनांक 17.06.2016 के साथ अपने न्यायालय की मूल अपील पत्रावली संख्या 85/2015 मीतासिंह बनाम सहीराम वगैरा प्रेषित कर निवेदन किया है कि इस अपील प्रकरण में तारीख पेशी 17.06.2016 रिकार्ड तलवी के लिए नियत है किन्तु इस प्रकरण में दोनो पक्षो द्वारा राजनैतिक दबाब निर्णय करने के लिए बनाया जा रहा है। ऐसी अवस्था में उक्त अपील को अन्यत्र न्यायालय में स्थानान्तरित करने की प्रार्थना की है। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार उक्त अपील प्रकरण के निर्णय हेतु दोनो पक्षो द्वारा राजनैतिक दबाब अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर पर बनाया जा रहा है इसलिए उनके द्वारा इस अपील प्रकरण का निर्णय किया जाना उचित नही होगा। अतः न्याय हित में सुनवाई एवं निस्तारण हेतु इस अपील को अन्यत्र सक्षम न्यायालय को मुन्तकिल किया जाना उचित है। अतः अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर के न्यायालय में लंबित उक्त अपील संख्या 85/2015 मीतासिंह बनाम सहीराम वगैरा को न्याय हित में न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीगंगानगर में सुनवाई एवं निस्तारण के लिए मुन्तकिल किया जाता है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर के न्यायालय की अपील सं0 85/2015 मीतासिंह बनाम सहीराम वगैरा को न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीगंगानगर को आदेश की प्रति सहित पालनार्थ भिजवाया जावे। आदेश की प्रति अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर को भिजवाई जावे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीगंगानगर अपने स्तर पर पक्षकारो को सुनवाई हेतु सूचित करें। प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर नम्बर से कम हो। आदेश सुनाया गया। (पी.सी.किशन) जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर	
1199 29-6-16 1200 29-6-16 अत ADM (A) श्री ADM (V) पत्रावली को प्रेषित।		